कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक–4009/11सी– FP/UP/Others/23971/2017, लखनऊ, दिनांकः मई 17,2018

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक (केन्द्रीय)
भारत सरकार,
पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मन्त्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय (मध्य क्षेत्र)
केन्द्रीय भवन, अलीगंज, लखनऊ।

विषयः– गेल इण्डिया लि0 लखनऊ द्वारा प्रस्तावित परियोजना 24"/36" नेचुरल गैस पाइप लाइन झांसी–औरैया–फूलपुर के निर्माण हेतु झांसी, उरई, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं इलाहाबाद वन प्रभागों में प्रभावित कुल 2.064771643 हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बाधक कुल 1538 वृक्षों/पौधों के पातन की अनुमति के संबंध में।

सन्दर्भः– भारत सरकार का पत्रांक–8बी/यूपी/09/77/2017/909, दिनांक–16.03.2018

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने की कृपा करें। उक्त संदर्भित पत्र के द्वारा विषयांकित प्रकरण में की गयी आपत्तियों का बिन्दुवार निराकरण कर सूचना/प्रमाण पत्र मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ ने अपने पत्रांक–6368/14–10–4, दिनांक 11.05.2018, मुख्य वन संरक्षक, कानपुर मण्डल, कानपुर ने अपने पत्रांक–5378/14–1, दिनांक 08.05.2018, वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, बुन्देलखण्ड वृत्त, झांसी ने अपने पत्रांक–5317/33–1, दिनांक 10.04.2018, वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, सा0वा0 वृत्त, इलाहाबाद ने अपने पत्रांक–5349/15–1, दिनांक 14.05.2018 तथा प्रभागीय निदेशक, सा0वा0 प्रभाग, रायबरेली ने अपने पत्रांक–6086/14–10–4, दिनांक 28.03.2018 द्वारा इस कार्यालय को प्रेषित किया है। अतः उक्त पत्रों सहित अपेक्षित सूचना/प्रमाण पत्र की एक मूल प्रति इस आशय से संलग्न कर प्रेषित की जा रही है कि कृपया विषयांकित प्रकरण आवश्यक अग्रेत्तर कार्यवाही करने की कृपा करें।

संलग्नकः–यथोक्त्।

भवदीय

17/5

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांकः– /11–सी– FP/UP/Others/23971/2017, दिनांकित।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित अधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, लखनऊ एवं कानपुर मण्डल, कानपुर।
2. वन संरक्षक/क्षेत्रीय निदेशक, इलाहाबाद एवं झांसी।
3. प्रभागीय वनाधिकारी/निदेशक, झांसी, उरई, औरैया, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ एवं इलाहाबाद।
4. मुख्य प्रबन्धक (निर्माण), गेल इण्डिया लि0, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।

(डा0 प्रशान्त कुमार वर्मा)
मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।

Acy-1913